# भ्रमण आख्या जनपद-हमीरपुर

**दिनांक 16 से 18 दिसम्बर, 2015**

**भ्रमण दल –**

*** डॉ पी. के. श्रीवास्तव, उपमहाप्रबंधक, प्रोक्योरमेंट, एन.एच.एम.**

*** डॉ. योगेश्वर दयाल, परामर्शदाता, राष्ट्रीय कार्यक्रम, एन.एच.एम.**

*** श्री महेन्द्र प्रताप सिंह, कार्यक्रम समन्वयक, एन०सी०डी०, एन. एच.एम.**

**16.12.2015 (प्रथम दिन)**

**सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, कुरारा**

**अधीक्षक : डॉ. पी. के. सिंह**

**निरीक्षण आख्या :**

- **आर0 के0 एस0 पंजीकरण नये नियमों के अनुसार नहीं हो रहे थे |**
- **प्रोटोकॉल पोस्टर, ई0डी0एल0 लिस्ट (Essential Drug List), वॉल राइटिंग, जे०एस0एस0के0 पात्रता सम्बन्धी प्रचार-प्रसार, एवं 102-108 सम्बन्धी वॉल राइटिंग नहीं थी|**
- **इमरजेंसी ड्यूटी रोस्टर उपलब्ध नहीं थे | बिजली की उचित व्यवस्था थी एवं जनरेटर लगे हुये थे |**
- **पीने के पानी के स्थान पर नल टपक रहा था एवं आसपास गन्दगी पायी गयी |**
- **Radiant Warmer (रेडियंट वार्मर) लगभग दो माह से कार्य नहीं कर रहा था |**
- **लेबर रूम में रखा अग्निशामक रेडियंट वार्मर के पीछे टंगा हुआ था एवं पुराना था | समयानुसार जरूरत पड़ने पर किसी भी व्यक्ति की पहुँच से बाहर था | प्रोटोकॉल पोस्टर भी नहीं लगे हुये थे |**
- **मातृ मृत्यु रिपोर्टिंग (Maternal Death Reporting) भी  कार्यात्मक नहीं थी | एम०सी०टी०एस० ऑपरेटर के पद पर भी कोई कार्य नहीं कर था |**
- **वेस्ट कलेक्शन एजेंसी (Waste Collection Agency) भी प्रतिदिन कचरे का संग्रहण नहीं कर रही थी| वेस्ट डिस्पोजल पिट परिसर में एक किनारे बना हुआ था परन्तु खुला हुआ था एवं पिट के चारो ओर गन्दगी थी |**
- **आटोक्लेव (Autoclave) भी कार्य नहीं कर रहा था एवं गैस पर गर्म किया जा रहा था| स्टेरलाईजड़ डिलीवरी सेट उपलब्ध नहीं थे|**
- **सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर कार्यरत कर्मचारी लांड्री एवं हाउस कीपिंग एजेंसी के बारे में अनभिज्ञ  थे |**
- **ब्लड स्टोरेज व्यवस्था नहीं स्थापित की गयी थी |**
- **आवास पर्याप्त संख्या में उपलब्ध थे एवं रहने योग्य थे |**
- **अभिलेखों के रख रखाव मे काफी सुधार की आवश्यकता है |**

- **108 के विवरण का रख रखाव सुचारू ढंग से नहीं किया जा रहा था |**














<u>सुझाव / कार्यवाही :</u>

- परिसर की स्वच्छता पर ध्यान दिया जाये एवं साथ ही पीने के पानी के स्थान पर गन्दगी ना हो |
- प्रसव कक्ष में स्टेरलाईजड़ डिलीवरी सेट, एवं आटोक्लेव (**Autoclave**) मशीन उपलब्ध करायी जाये|
- आई ई सी के अंतर्गत सिटिज़न चार्टर, चिकित्सालय का समय, उपलब्ध सेवायें, आवश्यक औषधि सूची, टीकाकरण सारणी, जे एस एस के तथा जे एस वाई की पात्रता पर्दर्शित की जाए |
- प्रसव पंजिका, संदर्भन पंजिका, नवजात शिशु उपचार पंजिका , वाह्य रोगी पंजिका के प्रारूप अवगत कराए गए |
- एम०सी०टी०एस० ऑपरेटर के खाली पदों पर भर्ती जाये जिससे गर्भवती महिलाओं एवं शिशुओं के पंजीकरण/ अद्यतन की फीडिंग ससमय हो सके | मातृ मृत्यु रिपोर्टिंग (**Maternal Death Reporting**) को सुचारू रूप से किया जाये|
- परिसर में बना वेस्ट डिस्पोजल पिट ढका हो एवं आस पास स्वच्छ हो |
- **108** के अभिलेख की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये |



**17.12.2015 (दृतीय दिन)**

**ब्लॉक : प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सुमेरपुर**

**प्रभारी चिकित्साधिकारी : डॉ. राम अवतार**

**<u>निरीक्षण आख्या :</u>**

- **सभी ए०एन०एम० को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुमेरपुर पर ग्राम स्वास्थ्य पोषण का तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा था|**
- **आर0 के0 एस0 पंजीकरण नये नियमों के अनुसार नहीं हो रहे थे |**
- **प्रोटोकॉल पोस्टर, ई0डी0एल0 लिस्ट (Essential Drug List), वॉल राइटिंग, जे०एस0एस0के0 पात्रता सम्बन्धी प्रचार-प्रसार, एवं 102-108 सम्बन्धी वॉल राइटिंग नहीं थी|**
- **प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में वाटर सप्लाई का लगा हुआ पाइप भी कार्य नहीं कर रहा था|**
- **बिल्डिंग कर रख-रखाव ठीक ढंग से नहीं हो रहा है |**
- **ऑपरेशन व्यवस्था सुचारू थी |**
- **ऑक्सीजन सिलिंडर भी नहीं पाया गया |**
- **इमरजेंसी ड्यूटी रोस्टर उपलब्ध नहीं थे |**
- **लेबर रूम में प्रोटोकॉल पोस्टर नहीं लगे हुये थे |**
- **मरीजों की भर्ती रात्रिकालीन में नहीं हो रही थी |**
- **जननी सुरक्षा योजना के तहत लाभार्थियों को प्रदान की जाने वाली धनराशी का विवरण अद्यतन नहीं था एवं दो माह से लंबित चल रहा था | प्रसव के पश्चात लाभार्थियों को जे०एस०वाई० प्रमाण पत्र तत्काल नहीं दिया जा रहा था |**
- **औषधि स्टोर में भण्डारण व्यवस्थित था |**
- **आवास पर्याप्त संख्या में उपलब्ध थे एवं रहने योग्य थे |**
- **ब्लड स्टोरेज व्यवस्था नहीं स्थापित की गयी थी |**
- **जे एस वाई भुगतान ठीक प्रकार से समय से नहीं किया जा रहा था |**
- **अभिलेखों के रख रखाव मे काफी सुधार की आवश्यकता है |**
- **108 के विवरण का रख रखाव सुचारू रूप से नहीं था |**
- **संदर्भन के रिकॉर्ड नहीं उपलब्ध थे |**


उत्तर प्रदेश सरकार


जननी सुरक्षा योजना


राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन
तीन दिवसीय ए.एन.एम. का प्रशिक्षण


उत्तर प्रदेश सरकार
एनर्जी डेन्स एमाईलेज रिच एनर्जी


Deep Freezer




राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना



**<u>सुझाव / कार्यवाही :</u>**

- **प्रसव कक्ष में स्टेरलाईजड़ डिलीवरी सेट एवं ऑटो आटोक्लेव (Autoclave) मशीन उपलब्ध करायी जाये|**
- **आई ई सी के अंतर्गत सिटिज़न चार्टर, चिकित्सालय का समय, उपलब्ध सेवायें, आवश्यक औषधि सूची, टीकाकरण सारणी, जे एस एस के तथा जे एस वाई की पात्रता प्रदर्शित की जाये |**
- **प्रसव पंजिका, संदर्भन पंजिका, नवजात शिशु उपचार पंजिका , वाह्य रोगी पंजिका के प्रारूप अवगत कराए गए |**
- **बिल्डिंग की मरम्मत एवं रंग-रोगन किया जाये एवं रख-रखाव ठीक ढंग से किया जाये|**
- **108 के अभिलेख की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए |**



उपकेन्द्र विदोखर मेदनी (ब्लॉक : प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुमेरपुर)

कार्यवाहक ए०एन०एम० : श्रीमती सम्पत शुक्ला

संविदा ए०एन०एम० : कुमारी सोनी देवी

निरीक्षण आख्या :

- प्रचार-प्रसार की कमी एवं वॉल राइटिंग भी नहीं थी |
- **Radiant Warmer** (रेडियंट वार्मर) उपलब्ध नहीं था | बिजली के बल्ब की जगह रेडियंट वार्मर का उपयोग किया जा रहा था |
- अनटाइड / वी0 एच०एस0एन0सी0 की कैश बुक भी नहीं पायी गयी |
- लैजर बुक उपलब्ध थी परन्तु अद्यतन नहीं थी |
- प्रसव कक्ष में परदे भी नहीं लगे थे |
- वित्तीय वर्ष 2013-14 एवं 2014-15 का मद वित्तीय वर्ष 2015-16 में उपयोग में लाया जा रहा था | अनटाइड निधि से चालीस हजार रुपये ट्रान्सफर किये गये जबकि दस हज़ार रुपये अनटाइड निधि की वार्षिक सीमा है | ब्लाक एम०ओ०आई०सी० से पूछे जाने पर कोई तर्कसंगत उत्तर नहीं दिया गया |
- प्रसव कक्ष में काफी साफ़ सुथरा था एवं दो डिलीवरी टेबल भी उपलब्ध थी | प्रसव सुविधाये कार्यशील पायी गईं | स्टेरलाईजड़ डिलीवरी सेट उपलब्ध नहीं थे | इमरजेंसी प्रसव हेतु प्रयुक्त औषधियाँ थी | परिसर में ही हैंडपंप लगा हुआ था | आवास पर्याप्त संख्या में उपलब्ध थे एवं रहने योग्य थे |
- विद्युत् कनेक्शन की उपलब्धता थी| साथ ही इन्वर्टर भी क्रियाशील पाया गया |

सुझाव / कार्यवाही :


- प्रसव कक्ष की सफाई व्यवस्था, जल की व्यवस्था सुचारू रूप से सुनिश्चित की जाये | फर्नीचर की पेंटिंग करायी जाए |
- प्रसव कक्ष में स्टेरलाईजड़ डिलीवरी सेट, इमरजेंसी ट्रे एवं अन्य आवश्यक सामग्री की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये |
- ए०एन०एम० द्वारा उपयोग में लाये जा रहे सभी अभिलेखों एवं कैश बुक की जानकारी दी जाये एवं का अभिलेखों रख रखाव ठीक प्रकार से सुनिश्चित किया जाए |
- ए०एन०एम० को प्रसव पंजिका, संदर्भन पंजिका, नवजात शिशु उपचार पंजिका, वाह्य रोगी पंजिका के प्रारूप अवगत कराए गए |
- ए०एन०एम० को सुझाव दिया गया कि फ्लेक्स बैनर को हर वी०एच०एन०डी० सत्र आयोजित होने पर प्रदर्शित करे |











| दिनांक DATE | विवरण PARTICULARS | चेक क्र. CHEQUE NO. | आहरित राशि AMOUNT WITHDRAWN | जमा की गई राशि AMOUNT DEPOSITED | खाता शेष BALANCE |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | Brought Forward | 1920.00Cr |
| 08/09/14 | 14374 1002 22324320500 | | | | |
| 28/02/14 | BY INTT | | | 139.00 | 2059.00 Cr |
| 13/06/14 | BY TRF | | [illegible] | 4585.00 | 6644.00 Cr |
| 13/06/14 | BY TRF | | [illegible] | 4880.00 | 11524.00 Cr |
| 31/08/14 | BY INTT | | | 125.00 | 11649.00 Cr |
| 08/09/14 | User-Id: 14374; Uncleared Amount: 0.00 Clear Balance: 11649.00 Cr | | | | |
| 08/09/14 | User-Id: 14374; MOD Balance: 0.00 | | | | |
| 28-7-15 | | | | 231- | 11880- |
| 29-5-15 | | | 10000- | | 1880- |



**18.12.2015 (तृतीय दिन)**

**<u>दीवान शत्रुघ्न सिंह संयुक्त जिला (महिला) चिकित्सालय, हमीरपुर</u>**

**कार्यवाहक मुख्य चिकित्सा अधीक्षक : डॉ. आर. एस. यादव**

**<u>निरीक्षण आख्या :</u>**


- भवन की स्थिति उत्तम थी एवं प्रांगण की सफाई व्यवस्था ठीक थी | हॉस्पिटल परिसर में सिक्यूरिटी कैमरे लगे हुये थे साथ ही नए अग्निशामक भी लगे हुये थे | कार्यवाहक मुख्य चिकित्सा अधीक्षक द्वारा अवगत कराया गया कि स्टाफ की अत्यंत कमी है |
- <u>एन आई सी यू :-</u> उत्तम प्रकार से व्यवस्थित एवं स्वच्छ था | सेवाएँ एवं अभिलेख का रख रखाव ठीक था| रेडियंट वार्मर भी क्रियाशील पाए गये एवं उपयोग किया जा रहा था |
- <u>प्रसव कक्ष :-</u> उत्तम प्रकार से व्यवस्थित एवं स्वच्छ था | सेवाएँ एवं अभिलेख का रख रखाव उत्तम था | स्टेरलाईजड़ डिलीवरी किट उपलब्ध थे | बड़ों की वेईग मशीन उपलब्ध थी | डिलीवरी पंजिका भी पूर्ण थी | नवजात शिशु का वजन सुचारू रूप से लिया जा रहा था | संदर्भन अभिलेख उपलब्ध थे | प्रोटोकॉल पोस्टर नहीं लगे हुये थे |
- प्रसव कक्ष का ड्यूटी रोस्टर प्रदर्शित नहीं था | आटोक्लेव (**Autoclave**) भी कार्य नहीं कर रहा था एवं गैस पर गर्म किया जा रहा था|
- प्रसव कक्ष के सामने ही गर्भवती महिलाओं एवं शिशुओं के रुकने की उत्तम व्यवस्था थी | पूरी तरह से देखभाल किया जा रहा था एवं खाने की भी व्यवस्था थी |
- <u>औषधि स्टोर :-</u> औषधि का भण्डारण ठीक प्रकार से किया जा रहा था एवं व्यवस्थित था |
- <u>कोल्ड चेन :</u> कोल्ड चेन की व्यवस्था उत्तम थी एवं वैक्सीन भी व्यवस्थित थी |
- <u>ब्लड स्टोरेज :-</u> साथ ही स्थापित पुरुष जिला चिकित्सालय के ब्लड बैंक से ब्लड लिया जा रहा है |
- <u>जे एस वाई भुगतान :-</u> जे एस वाई भुगतान भी एक-दो महीने से लंबित चल रहा था | अभिलेखों का रख रखाव अद्यतन अवस्था में नहीं पाया गया |
- <u>ऑपरेशन थिएटर :-</u> ऑपरेशन थियेटर स्वच्छ था एवं सभी आवश्यक उपकरण उपलब्ध थे | ओ० टी० पंजिका का रख रखाव व्यवस्थित था |
- <u>हॉस्पिटल बायोवेस्ट :-</u>बायोवेस्ट भी एजेंसी द्वारा सप्ताह में केवल दो से तीन बार ही एकत्र किया जा रहा था |
- पीने के पानी की व्यवस्था थी एवं परिसर में वाटर कूलर लगे हुये थे |
- <u>आई ई सी :</u> - प्रोटोकॉल पोस्टर, वॉल राइटिंग, जे०एस0एस0के0 तथा जे एस वाई की पात्रता सम्बन्धी प्रचार-प्रसार, एवं **102-108** सम्बन्धी वॉल राइटिंग भी प्रदर्शित थी |


दीवान शत्रुघ्न सिंह
संयुक्त जिला (महिला) चिकित्सालय हमीरपुर (उ.प्र.)
बाह्य रोगी विभाग
OPD


यह सुरक्षित एवं विश्वसनीय उपाय है।
एड्स का ज्ञान
बचाये जान













सुझाव / कार्यवाही :

- आई ई सी के अंतर्गत सिटिज़न चार्टर , स्टॉफ ड्यूटी रोस्टर, चिकित्सालय का समय , उपलब्ध सेवायें, आवश्यक औषधि सूची ई0डी0एल0 लिस्ट (Essential Drug List), टीकाकरण सारणी प्रदर्शित की जाये |
- प्रसव कक्ष में आटोक्लेव (Autoclave) मशीन उपलब्ध करायी जाये|
- प्रसव पंजिका, संदर्भन पंजिका, नवजात शिशु उपचार पंजिका , वाह्य रोगी पंजिका के प्रारूप अवगत कराए गए |

जनपद हमीरपुर के स्वास्थ्य ईकाइयों के भ्रमण के उपरान्त मुख्य चिकित्साधिकारी के साथ बैठक के बिंदु

- समस्त जनपद में जे०एस०वाई० तहत लाभार्थियों को प्रदान की जाने वाली धनराशी के विवरण का अद्यतन शीघ्र कराया जाये | प्रसव के पश्चात लाभार्थियों को जे०एस०वाई० प्रमाण पत्र ससमय उपलब्ध कराया जाये | मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा बताया गया जनपद में लगभग 80 प्रतिशत जे०एस०वाई० लाभार्थियों को भुगतान कर दिया गया है |
- जनपदों में विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं अन्य स्टाफ की अनुपलब्धता के कारण चिकित्सा सेवा की व्यवस्था पर जिला एवं ब्लाकों प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है | 119 पदों के सापेक्ष कुल 28 पदों पर ही तैनाती है | चिकित्सकों एवं अन्य स्टाफ के खाली पदों हेतु उचित व्यवस्था की जाये |
- संविदा मानव संसंधान जिसमे एम०सी०टी०एस० ऑपरेटर के खाली पदों पर भर्ती जाये जिससे गर्भवती महिलाओं एवं शिशुओं के पंजीकरण/ अद्यतन की फीडिंग ससमय हो सके|
- भ्रमण दल द्वारा सुझाव दिया गया कि एम०सी०टी०एस० पोर्टल में एंट्री कराने की उपरान्त ही जे०एस०वाई० लाभार्थी को भुगतान किया जाये|
- सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लांड्री एवं हाउस कीपिंग एजेंसी की सुचारू रूप से व्यवस्था की जाये |
- वेस्ट डिस्पोजल एजेंसी द्वारा कचरे का संग्रहण जिला चिकित्सालय एवं ब्लाकों से प्रतिदिन किया जाना है| एजेंसी का पेमेंट भी ब्लाक एम०ओ०आई०सी० के वेरीफाई करने के पश्चात ही किया जाना सुनिश्चित किया जाये | वेस्ट डिस्पोजल एजेंसी को अनुबंध के अनुसार ही कार्य करना है अन्यथा की दशा में चेतावनी देकर आर्थिक रूप से दण्डित किया जाये एवं भुगतान भी उपस्थिति प्रमाणिकता के अनुसार किया जाये |
- ए०एन०एम० द्वारा उपयोग में लाये जा रहे सभी अभिलेखों एवं कैश बुक की जानकारी दी जाये एवं का अभिलेखों रख रखाव ठीक प्रकार से सुनिश्चित किया जाए | ए०एन०एम० को प्रसव पंजिका, संदर्भन पंजिका, नवजात शिशु उपचार पंजिका, वाह्य रोगी पंजिका के प्रारूप अवगत कराए जाये|
- महिला वार्ड में उपलब्ध कराये गए टेलीविज़न की भी व्यवस्था होनी चाहिये|